# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (30.12.2024)

### HINDUSTAN, MUZAFFARPUR DATE : 30.12.2024, PAGE-04

# बीआरएबीयू कुश्ती टीम तीन को जाएगी बठिंडा

मुजफ्फरपुर। पंजाब के बठिंडा स्थित गुरु काशी विवि में पांच जनवरी से होने वाले इंटर विवि मेंस कुश्ती चैम्पियनशिप में भाग लेने बीआरएबीयू की टीम तीन जनवरी को रवाना होगी। टीम मैनेजर वीरेन्द्र कुमार यादव के अनुसार, फ्री स्टाइल टीम में रविश कुमार, मो. एहसान, दिलीप कुमार यादव, कुणाल कुमार यादव, उत्तम कुमार, रितेश कुमार यादव व रामबाबू कुमार शामिल हैं।

### HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 30.12.2024, PAGE-06

नया पीजी हॉस्टल खुल जाने से अधिक छात्राओं को मिल पाएगी जगह

# हॉस्टल आवंटन में दूर की छात्राओं को प्राथमिकता

**बीआरएबीयू**

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू के पीजी हॉस्टल में मुख्यालय से दूर रहने वाली छात्राओं को प्राथमिकता मिलेगी। नये सत्र से इस व्यवस्था को लागू करने के लिए विवि प्रशासन विचार कर रहा है। बिहार विवि के डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह का कहना है कि पीजी और यूजी में दूर-दराज से आने वाली छात्राओं को विवि परिसर में जगह मिले, इस पर हम योजना बना रहे हैं।

विवि सूत्रों ने बताया कि नये सत्र से जो छात्राएं दूसरे जिले या मुजफ्फरपुर के दूर के ग्रामीण क्षेत्र से आती हैं, उन्हें हॉस्टल आवंटन में प्राथमिकता दी जायेगी। बिहार विवि में एक नया हॉस्टल शुरू होने से अब हॉस्टल की संख्या चार हो गई है।

नये हॉस्टल में 34 कमरे हैं और एक कमरे में तीन छात्राएं रह सकती हैं। यह हॉस्टल 2019 से बनकर तैयार था, लेकिन ठेकेदार के द्वारा विवि को हॉस्टल नहीं सौंपे जाने से यह शुरू नहीं हो रहा था। पिछले दिनों कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने हॉस्टल की मरम्मत कराकर छात्राओं के लिए इसे चालू करा दिया। कुलपति ने हॉस्टल परिसर में खेल गतिविधि भी शुरू कराने की घोषणा की। डीएसडब्ल्यू ने बताया कि नये सत्र से हॉस्टल में मेस की भी व्यवस्था शुरू की जायेगी। इसके लिए भी प्रयास किया जा रहा है। पिछले दिनों विवि प्रशासन ने बैठक कर हॉस्टल में खाना बनाने पर रोक लगा दी थी।

**ब्वायज हॉस्टल में कई चीजों की नहीं हो रही मरम्मत :** बीआरएबीयू के ब्वायज हॉस्टल में मरम्मत का काम चल रहा है, लेकिन यहां रहने वाले छात्रों का कहना है कि हॉस्टल में कई चीजों की मरम्मत का एस्टीमेट ही नहीं तैयार किया गया। हॉस्टल के कॉमन रूम में सामान टूट गये हैं। इसका इस्तेमाल छात्र गाड़ियों को रखने के लिए कर रहे हैं। छात्रों ने बताया कि हॉस्टल के एस्टीमेट में कमरों की रैक को ठीक करने का कोई प्रावधान नहीं है। कई कमरों की रैक टूट गई है। इसके अलावा पानी का पाइप टूटा हुआ है, जिसे ठीक नहीं किया जा रहा है।

**जनजातीय छात्रावास की रिपोर्ट देने में सुस्ती पर जवाब तलब**

मुजफ्फरपुर। जिलों में जनजातीय छात्रावास खोलने की संभावनाओं को तलाशते हुए शिक्षा विभाग ने जिलों से एक रिपोर्ट मांगी थी। 24 जिलों से रिपोर्ट मांगी गई थी। मात्र पांच जिलों ने रिपोर्ट भेजी है। इसमें भी तीन जिलों की रिपोर्ट ही मानक पर है। दो जिलों ने जो रिपोर्ट दी है, वह विभाग के मकसद को पूरा नहीं कर रहा है। इस लापरवाही पर बिहार शिक्षा परियोजना ने जिलों से जवाब तलब किया है। विभागीय समीक्षा में यह मामला सामने आया है। जिलों से रिपोर्ट डेढ़ महीने पहले मांगी गई थी। इसमें मुजफ्फरपुर समेत 24 जिलों को जनजातीय आबादी, स्कूलों में इस कोटि के पढ़ने वाले बच्चे, आउट ऑफ स्कूल बच्चों के आंकड़े देने थे। छात्रावास खोलने को लेकर जमीन उपलब्धता की भी जानकारी देनी थी। रिपोर्ट 15 दिनों में मांगी गई थी। सूबे में जनजातीय आबादी की रिपोर्ट सौंपने वाले तीन जिलों में प.चम्पारण, भागलपुर और गया शामिल है।



बास्केबॉल चैम्पियनशिप के क्वालिफायर लीग में उत्कल यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर और कोलकाता यूनिवर्सिटी की टीम।

# बास्केटबॉल: पहले मैच में कोलकाता हारा

**क्वालिफायर लीग**

- ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वीमेंस बास्केबॉल चैम्पियनशिप
- बीएचयू की सुनैना, अनन्या व शिमला का शानदार प्रदर्शन

मुजफ्फरपुर, खेल संवाददाता। एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के सिंथेटिक्स कोर्ट पर चल रहे ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वीमेंस बास्केबॉल चैम्पियनशिप के क्वालिफायर लीग के पहले मैच से उलटफेर शुरू हो गया।

डिफेंडिंग चैम्पियन यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता की टीम को पराजय का मुंह देखना पड़ा। हेमचन्द्र यादव यूनिवर्सिटी (एमएचवाईयू), दुर्ग ने यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता को 63-39 अंकों से पराजित कर दिया। लीग के दूसरे मैच में डिफेंडिंग रनरअप बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) ने उत्कल यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर को 53-18 अंकों से हरा दिया। दूसरे सत्र के लीग मुकाबले में यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता ने उत्कल यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर को 44-39 अंकों से तथा हेमचन्द्र यादव यूनिवर्सिटी (एमएचवाईयू) ने बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) को 68-46 अंकों से पराजित कर पूर्ण अंक हासिल किया। लीग में हेमचन्द्र यादव यूनिवर्सिटी (एमएचवाईयू) की टीम लगातार दो मैच जीतकर आगे चल रही है। अब उसका मुकाबला सोमवार को उत्कल यूनिवर्सिटी से होगा। कोलकाता यूनिवर्सिटी की टीम बीएचयू से भिड़ेगी। सोमवार को चैम्पियन की घोषणा होगी।

लीग के पहले मैच के पहले क्वार्टर से ही एमएचवाईयू की टीम अपने प्रतिद्वंद्वी पर हावी रही। उसके अटैकर डीएन आयुषा, रितिका और अंशिका साहू ने कोर्ट के हर क्षेत्र में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। हालांकि, इस क्वार्टर के अंतिम मिनट में कोलकाता की टीम ने 10-10 अंकों से बराबरी कर वापसी करने की पूरी कोशिश की, लेकिन एमएचवाईयू की डिफेंडरों ने उसकी एक न चलने दी।

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 30.12.2024, PAGE-04

# पीजी में मेरिट लिस्ट से होगा नामांकन

## बीआरएबीयू में सत्र में एक वर्ष की देरी, स्नातक के अंकों के आधार पर जारी होगी मेधा सूची

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में एक वर्ष की देरी से चल रहे पीजी के सत्र में नामांकन की तैयारी शुरू कर दी गई है। सत्र 2024-26 के तहत पीजी में नामांकन के लिए विश्वविद्यालय के स्तर से मेरिट लिस्ट तैयार किया जाएगा। स्नातक के अंकों के आधार पर मेरिट तैयार की जाएगी। विश्वविद्यालय मेरिट लिस्ट जारी करेगा। इसी आधार पर पीजी विभागों से लेकर कालेजों में नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। विश्वविद्याल की कोशिश है कि इसी सप्ताह पोर्टल खोलकर आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी की जाए। वहीं कई बदलावों के लिए डीन की बैठक बुलाए जाने का भी प्रस्ताव है। पीजी में नामांकन के लिए कुल 11 हजार से अधिक सीटें उपलब्ध हैं। पीजी में नामांकन के लिए तीन मेरिट लिस्ट जारी होगी। बावजूद इसके अगर सीटें खाली रह जाती है तो स्पाट एडमिशन के लिए तिथि जारी होगी। डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि स्नातक पार्ट थर्ड का रिजल्ट जारी होने के बाद पीजी में नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी।

**पिछले सत्र से सात नए कालेजों में शुरू है पीजी की पढ़ाई :** पिछले सत्र में विश्वविद्यालय के तहत सात नए कालेजों में विभिन्न विषयों में पीजी की पढ़ाई शुरू हुई है। ऐसे में सत्र 2024-26 में भी इन विषयों में छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे। एलएस कालेज, आरबीबीएम कालेज, रामेश्वर कालेज, एलएनडी कालेज, आरएलएसवाई कालेज समेत कुल सात कालेजों में विभिन्न विषयों में पहली बार पीजी की पढ़ाई पिछले सत्र में शुरू हुई थी। नए विषयों में पीजी की पढ़ाई शुरू होने से सीटों की संख्या बढ़ गई है। इससे पहले करीब सात हजार सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया होती थी।

- विश्वविद्यालय स्तर से मेरिट लिस्ट तैयार किया जाएगा
- आनलाइन आवेदन के लिए इसी सप्ताह पोर्टल खोला जाएगा



**आवेदनों की होगी जांच उसके बाद होगा नामांकन :** पीजी विभागों से लेकर कालेजों में दस्तावेज की जांच के बाद ही नामांकन की प्रक्रिया होगी। आनलाइन आवेदन के क्रम में छात्र-छात्राओं की ओर से अपलोड किए गए दस्तावेज की जांच आफलाइन मोड में होगी। इसमें विद्यार्थियों के अंकपत्र, एडमिट कार्ड, आरक्षण प्रमाण पत्र समेत अन्य दस्तावेज की जांच होगी। इसमें किसी तरह की गड़बड़ी होने पर नामांकन रद हो जाएगा। अगर दस्तावेज में गड़बड़ी होने पर भी नामांकन की प्रक्रिया पूरी होगी तो इसके लिए प्राचार्यों और विभागाध्यक्षों को जिम्मेदार माना जाएगा। ऐसे में नामांकन से पहले दस्तावेज की जांच होगी। नामांकन के बाद पीजी विभागों और कालेजों को यूएमआइएस पोर्टल पर इसकी जानकारी देनी होगी।

# विश्वविद्यालय में 40 कर्मचारियों का दूसरी बार हुआ स्थानांतरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में रविवार को इस महीने दूसरी बार एसओ (सेक्शन आफिसर) और तृतीय- चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों समेत कुल 40 का स्थानांतरण किया गया। इसमें सात सेक्शन आफिसर, तृतीय वर्ग के 17 और चतुर्थ वर्ग के 16 कर्मचारी शामिल हैं। संबंधित कर्मचारी नए विभागों में सात दिनों के भीतर योगदान देंगे। इससे पहले एक दिसंबर को भी कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया था। इस आधार पर कार्य की गति बढ़ ही रही थी कि दूसरी बार भी स्थानांतरण किया गया है। डीएसडब्ल्यू कार्यालय के एसओ अजय कुमार अब एकेडमिक सेक्शन का भी कार्य देखेंगे। सेंट्रल लाइब्रेरी में कार्यरत विभा कुमारी को प्लानिंग सेक्शन की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। एसओ महेंद्र कुमार को टीडीसी पार्ट थर्ड से इंजीनियरिंग सेक्शन, विजय कुमार को टीडीसी पार्ट वन से रजिस्ट्रेशन सेक्शन , तौसीफ हुसैन को इंसपेक्टर आफ कालेज सांइस से इंसपेक्शन सेक्शन और धर्मेंद्र भूषण को एफओ आफिस से एकाउंट्स में भेजा गया है।

पहले चरण में हुए स्थानांतरण के बाद कई कर्मचारी अंदर ही अंदर विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि स्थानांतरण में पारदर्शिता नहीं बरती गई है।

- रजिस्ट्रार डा. अपराजिता कृष्णा ने जारी की अधिसूचना
- कर्मचारी नए विभागों में सात दिनों के भीतर योगदान देंगे



### इन तृतीय कर्मियों का हुआ स्थानांतरण

राजेश कुमार, अभय कुमार, सुभाष कुमार, अमित राज, सुनील प्रधान, सुरेश चौपाल, अजीत आर्यन, विक्रम, कुंदन कुमार, अक्षय कुमार, आनंद वर्धन, प्रशांत कुमार, संतोष कुमार, सुभाष कुमार, नवीन कुमार, लालबाबू व मनीष रंजन।

### इन चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों का स्थानांतरण

संगीता कुमारी, मो. जफीर, विनोद सहनी, शिव शंकर कुमार, गुड्डु कुमार, रेनू देवी, रत्नेश्वर ठाकुर, अमर दास, संजय कुमार, मनोज कुमार बिंदर, मुकेश कुमार, रामू राम, चंदन कुमार, विनोद कुमार, आनंद झा व हरेराम।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 30.12.2024, PAGE-04

# दो मैच जीतकर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय शीर्ष पर

**2** में से एक-एक मैच बीएचयू और कोलकाता विश्वविद्यालय ने जीता

**2** बजे एलएन मिश्र कालेज आफ बिजनेस मैनेजमेंट में होगा समापन समारोह का आयोजन

**आज होने वाले लीग के मुकाबले**

पांचवां मैच - यूनिवर्सिटी आफ कोलकाता बनाम बीएचयू

छठा मैच - हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग बनाम उत्कल यूनिवर्सिटी

**टीम का प्रदर्शन**

| टीम | मैच | जीत | हार |
|---|---|---|---|
| हेमचंद यादव विश्वविद्यालय | 2 | 2 | 0 |
| कलकत्ता विश्वविद्यालय | 2 | 1 | 1 |
| बनारस हिंदू विश्वविद्यालय | 2 | 1 | 1 |
| उत्कल विश्वविद्यालय | 2 | 0 | 2 |

- ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता, उत्कल विश्वविद्यालय की टीम हारी
- समापन आज, शामिल होंगे खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता और बीएसएसए के डीजी रवींद्रन शंकरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुरः ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता में रविवार को लीग के कुल चार मैच खेले गए। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की टीम ने अपने दोनों मैच में जीत दर्ज कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। वहीं कलकत्ता विश्वविद्यालय को एक मुकाबले में जीत और दूसरी में हार का सामना करना पड़ा। उत्कल विश्वविद्यालय की टीम दोनों ही मैच हार गई। वहीं बीएचयू ने अपने पहले मुकाबले में जीत दर्ज की तो दूसरे मुकाबले में उसे हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की टीम ने पटखनी दी। पहले लीग मैच में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कलकत्ता विश्वविद्यालय को 63-39 से पराजित किया। वहीं दूसरे लीग मैच में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय ने उत्कल विश्वविद्यालय को 53-18 के बड़े अंतर से पराजित किया। तीसरे लीग मैच में कलकत्ता विश्वविद्यालय ने उत्कल विश्वविद्यालय को कड़े मुकाबले में 44-39 से हराकर जीत दर्ज की। चौथे और अंतिम मुकाबले में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग छत्तीसगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी वाराणसी को 68-46 से पराजित किया। मैच में विशेष अतिथि के रूप में प्राक्टर प्रो. बीएस राय, इंस्पेक्टर आफ कालेजेज डा. अरविंद कुमार पटना हाइकोर्ट के सीनियर एडवोकेट विनोदनंद मिश्रा, डा. अमर बहादुर शुक्ला समेत अन्य ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि करीब 17 वर्षों के बाद बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की मेजबानी में ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को समापन समारोह होगा। इसमें खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के डीजी रवींद्रण शंकरण पहुंचेंगे। साथ ही बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय समेत अन्य गणमान्य भी पहुंचेंगे।

**चैंपियन की दौड़ में हेमचंद विश्वविद्यालय आगे :** अब तक टूर्नामेंट में अजेय रही हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की टीम चैंपियन बनने की दौड़ में सबसे आगे है। इसका कारण है कि लीग के दोनों मुकाबलों में जीत दर्ज कर टीम शीर्ष पर चल रही है। टीम ने पहले कलकत्ता विश्वविद्यालय और बाद में बीएचयू को संघर्ष भरे मुकाबले में हराकर जीत दर्ज की। इससे टीम का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ होगा। दूसरी ओर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय को अपना तीसरा और आखिरी मैच सोमवार को उत्कल यूनिवर्सिटी से खेलना है जो अपना दो मैच हार चुकी है। वहीं इसके प्रमुख खिलाड़ी चोटिल हैं। किसी की एड़ी तो किसी का घुटना चोटिल है। सोमवार को रोचक मुकाबला कलकत्ता विश्वविद्यालय और बीएचयू में होगा। दोनों ही टीम इस मुकाबले को जीतकर उप विजेता बनने की कोशिश करेगी। अब तक दोनों टीम के नाम दो मैचों में एक जीत और एक हार दर्ज है। इस समीकरण के अनुसार देखा जाए तो हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के लिए चुनौती काफी आसान मानी जा रही है। बेहतर कर सकेगी।

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 30.12.2024, PAGE-04**

## महीने भर के अंदर दूसरी बार बड़ी संख्या में हुआ फेरबदल

# सेक्शन ऑफिसर समेत विवि में 40 कर्मियों का हुआ ट्रांसफर

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अधिकारी समेत तीन दर्जन कर्मियों का ट्रांसफर किया गया है, जिसमें सात सेक्शन ऑफिसर समेत 40 कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव हुआ है. कुलपति के आदेश पर कुलसचिव की ओर से रविवार को ऑफिस ऑर्डर जारी किया गया. जिसमें इसमें थर्ड ग्रेड के 17 और फोर्थ ग्रेड के 16 कर्मचारी शामिल हैं. पिछले दिनों हुए ट्रांसफर के बाद कई विभागों में नये कर्मचारियों के कारण धीरे-धीरे काम की रफ्तार बढ़ रही थी, तब तक दूसरी लिस्ट जारी हो गयी. बताया जा रहा है कि परीक्षा विभाग की व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए विशेष योजना तैयार की जा रही है. संबंधित कर्मचारियों को सात दिनों के भीतर नयी जिम्मेदारी संभालने को कहा गया है. विश्वविद्यालय की कार्य संस्कृति सुधारने के लिए महीने भर के अंदर दूसरी बार बड़ा फेरबदल हुआ है.

**सात सेक्शन ऑफिसर के कार्य क्षेत्र में फेरबल.** सात सेक्शन ऑफिसर के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है जिसके तहत डीएसडब्ल्यू कार्यालय में कार्यरत अजय कुमार को उसी पद पर रखते हुए एकेडमिक की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गयी है. वहीं सेंट्रल लाइब्रेरी में कार्यरत बिभा कुमारी को प्लानिंग सेक्शन की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिली है. महेंद्र कुमार को टीडीसी पार्ट थर्ड से इंजीनियरिंग सेक्शन में ट्रांसफर, विजय कुमार को टीडीसी पार्ट वन से रजिस्ट्रेशन सेक्शन में, तौसीफ हुसैन को इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज, सांइस से इंसपेक्शन सेक्शन में और धर्मेंद्र भूषण को एफओ ऑफिस से एकाउंट्स में भेजा गया है.

### फोर्थ ग्रेड के इन कर्मियों का हुआ ट्रांसफर

संगीता कुमारी, मो. जफीर, विनोद सहनी, शिव शंकर कुमार, गुड्डू कुमार, रेनू देवी, रत्नेश्वर ठाकुर, अमर दास, संजय कुमार, मनोज कुमार बिंदर, मुकेश कुमार, रामू राम, चंदन कुमार, विनोद कुमार, आनंद झा व हरे राम.



### थर्ड ग्रेड के इन कर्मियों का तबादला

राजेश कुमार, अभय कुमार, सुभाष कुमार, अमित राज, सुनील प्रधान, सुरेश चौपाल, अजीत आर्यन, विक्रम, कुंदन कुमार, अक्षय कुमार, आनंद वर्धन, प्रशांत कुमार, संतोष कुमार, सुभाष कुमार, नवीन कुमार, लालबाबू व मनीष रंजन.

## पीजी सत्र 2024-28 में एडमिशन की तैयारी

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय मे पीजी सत्र 2024-28 में एडमिशन के लिए तैयारी शुरू कर दी है. विश्वविद्यालय की ओर से आठ जनवरी तक आवेदन के लिए पोर्टल खोलने की तैयारी की जा रही है. पीजी विभाग और कॉलेजों में करीब साढ़े 11 हजार सीट पीजी के लिए निर्धारित है. विश्वविद्यालय के स्तर से ही सेंट्रलाइज्ड मेरिट लिस्ट तैयार की जायेगी. स्नातक के अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार कर विभाग और कॉलेजों मे एडमिशन के लिये जायेगा. स्नातक का रिजल्ट विलंब से जारी होने के कारण छात्र-छात्राओं के सामने अभी आगे की पढ़ाई के लिए कोई विकल्प नहीं है. दूसरे विश्वविद्यालयों में वर्तमान सत्र का एडमिशन महीनों पहले बंद हो चुका है. वहीं नये सत्र के लिए अभी तीन-चार महीने इंतजार करना होगा. ऐसे मे पीजी का एडमिशन जनवरी में होने पर आसानी से सीट भर जाएंगे.

**आवेदन के लिये तैयार हो रहा पोर्टल.** स्नातक सत्र 2021-24 का फाइनल रिजल्ट इसी महीने जारी हुआ है. इसके बाद से पीजी में एडमिशन की तैयारी शुरू कर दी गयी है. विश्वविद्यालय मे पीजी का सत्र एक साल विलंब चल रहा है. पहले अक्टूबर मे स्नातक का रिजल्ट जारी करके पीजी का एडमिशन लेने की योजना थी, लेकिन रिजल्ट जारी करने में विलंब हो गया. बताया जा रहा है कि पीजी के आवेदन के लिए पोर्टल तैयार किया जा रहा है. ट्रायल के बाद आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी. इसको लेकर जल्द ही विश्वविद्यालय की ओर से नोटिफिकेशन जारी किया जायेगा.


**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 30.12.2024, PAGE-04**


**ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वीमेंस बास्केटबॉल चैंपियनशिप में चौथे दिन लीग मैच के चार मैच खेले गये**

# बीएचयू ने उत्कल विश्वविद्यालय को 53-18 के बड़े अंतर से हराया

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू बिहार यूनिवर्सिटी के मेजबानी में ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वीमेंस बास्केटबॉल चैंपियनशिप की चौथे दिन लीग मैच के कुल चार मैच खेले गये. सभी मैच बहुत ही रोमांचक एवं संघर्षपूर्ण रहा, जहां सभी टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया. पहले लीग मैच में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग छत्तीसगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोलकाता विश्वविद्यालय को 63-39 से पराजित किया. वहीं दूसरे लीग मैच में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय ने उत्कल विश्वविद्यालय को 53-18 के बड़े अंतर से पराजित किया. तीसरे लीग मैच में कोलकाता विश्वविद्यालय ने उत्कल विश्वविद्यालय को कड़े मुकाबले में 44-39 के स्कोर से हराकर जीत दर्ज की. रविवार को चौथा और अंतिम मुकाबले में हेम चंद्र यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग छत्तीसगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी वाराणसी को 68-46 से पराजित किया.

इन मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांचित किया और खेल के प्रति जोश और उत्साह को बनाए रखा. मैच के दौरान विशेष अतिथि के रूप में डॉक्टर अरविंद कुमार इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज साइंस बीआरएबीयू बिहार यूनिवर्सिटी, विनोदानंद मिश्रा सीनियर एडवोकेट हाई कोर्ट पटना, डॉ आइबी लाल एचओडी कंप्यूटर साइंस एलएन मिश्रा कॉलेज, डॉ शंकर कुमार सिंह, प्रो. फाइनेंस एलएन मिश्रा कॉलेज, प्रो. बिएस राय प्रॉक्टर बीआरएबीयू बिहार यूनिवर्सिटी, डॉ अनिता सिंह प्रिंसिपल आरडीएस कॉलेज, डॉ अमर बहादुर शुक्ला, राजेश कुमार एक्यूटिव इंजीनियर बीआरएबीयू बिहार यूनिवर्सिटी, सुजीत कुमार सीनियर मैनेजर यूनियन बैंक, कमल किशोर डायरेक्टर प्राइमस स्कूल ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया.

**आज के मैच**

- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय व कोलकाता विश्वविद्यालय
- हेम चंद्र यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग छत्तीसगढ़ व उत्कल विश्वविद्यालय



ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबाल प्रतियोगिता में खेलती खिलाड़ी.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**VISHWA GURU BHARA, MUZAFFARPUR, DATE:30.12.2024, PAGE-03**

## ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी विमेंस बास्केटबॉल चैंपियनशिप-2024 कुल 4 मैच खेले गए चारों का प्रदर्शन शानदार रहा





**मदन मोहन ठाकुर (बिहार ब्यूरो चीफ, विश्व गुरु भारत)**

मुजफ्फरपुर। बी.आर.ए.बी.यु बिहार यूनिवर्सिटी के मेजबानी में दिनांक 26 से 30 दिसंबर तक आयोजित ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी विमेंस बास्केटबॉल चैंपियनशिप की चौथे दिन लीग मैच के कुल चार मैच खेले गए।सभी मैच बहुत ही रोमांचक एवं संघर्षपूर्ण रहा, जहां सभी टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। पहले लीग मैच में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग छत्तीसगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कलकत्ता विश्वविद्यालय को 63-39 से पराजित किया। वहीं दूसरे लीग मैच में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय ने उत्कल विश्वविद्यालय को 53-18 के बड़े अंतर से पराजित किया। तीसरे लीग मैच में कलकत्ता विश्वविद्यालय ने उत्कल विश्वविद्यालय को कड़े मुकाबले में 44-39 के स्कोर से हराकर जीत दर्ज की। आज का चौथा और अंतिम मुकाबले में हेम चंद्र यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग छत्तीसगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी वाराणसी को 68-46 से पराजित किया। इन मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांचित किया और खेल के प्रति जोश और उत्साह को बनाए रखा। आज के मैचों में विशेष अतिथि के रूप में डॉक्टर अरविंद कुमार इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज साइंस बी.आर.ए.बी.यू बिहार यूनिवर्सिटी, विनोदानंद मिश्रा सीनियर एडवोकेट हाई कोर्ट पटना, डॉ आई बी लाल एच ओ डी कंप्यूटर साइंस एल एन मिश्रा कॉलेज, डॉ शंकर कुमार सिंह झा प्रो. फाइनेंस एल एन मिश्रा कॉलेज, प्रो. बि एस राय प्रॉक्टर बी.आर.ए.बी.यू बिहार यूनिवर्सिटी, डॉ अनिता सिंह प्रिंसिपल आर. डी.एस कॉलेज, डॉ अमर बहादुर शुक्ला, राजेश कुमार एक्यूटिव इंजीनियर बी.आर.ए.बी.यू बिहार यूनिवर्सिटी, सुजीत कुमार सीनियर मैनेजर यूनियन बैंक, कमल किशोर डायरेक्टर प्राइमस स्कूल ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया।